an>

Title: Need to take steps to widen NH-121 from Pauri to Ramnagar in Garhwal Parliamentary Constituency, Uttarakhand.

**श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने लोक सभा क्षेत्र गढ़वाल के एनएच-121 के पौढ़ी से लेकर बुआखाल, पावो, थलीसैंण, बैजरो, बीरोंखाल और रामनगर तक के विस्तारीकरण के लिए माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करवाना चाहूंगा ।

मान्यवर, यह एनएच दसों साल से है और यह रामनगर से भी जुड़ता है, जहां कार्बेट नेशनल पार्क है । वहां के जंगली जानवर भी इन गड्ढों के कारण कई बार एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं । वहां मानवीय एक्सीडेंट्स भी होते रहते हैं । वहां चार पुल हैं और दो सैंक्शन्ड भी हैं, लेकिन अभी उन पर काम शुरू नहीं हुआ है । साथ ही, यह रोड दो सौ किलोमीटर का है और यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं । मेरा आपके माध्यम से सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री तीरथ सिंह रावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।